# कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)


आर0 ओ0/डी0 आई0 सी0/2022/906, दिनांक - 11.10.2022

## प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा बी0 ए0 षष्ठम् सेमेस्टर (B. A. Sixth Semester) का परीक्षाफल दिनांक 11.10.2022 को घोषित कर दिया गया है। जिसके दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु विभिन्न सम्बद्ध परिसरों/ महाविद्यालयों/संस्थानों के एम0 ए0 प्रथम सेमेस्टर (M. A. First Semester) की कक्षाओं में प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया शीघ्र सम्पादित की जानी आवश्यक है। सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया को सम्पादित कर सम्बन्धित कक्षाओं में पठन-पाठन का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जाना है।

उपरोक्त के दृष्टिगत् माननीय कुलपति जी के निर्देशों के अनुपालन में एम0 ए0 पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु व्यापक छात्रहित में ऑनलाईन पंजीकरण कराये जाने तथा पंजीकृत विद्यार्थियों द्वारा अपनी समस्त सूचनाओं को अपडेट किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 निर्धारित की गयी है।

जिन विद्यार्थियों द्वारा वर्तमान तिथि तक उपरोक्त पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पंजीकरण नहीं किया है अथवा **जिन विद्यार्थियों द्वारा अपनी समस्त सूचनाओं (अर्हता कक्षा के अंकों का विवरण इत्यादि) को पोर्टल में अपडेट नहीं किया गया है, वह अन्तिम तिथि दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 तक अपनी समस्त सूचनाओं (अर्हता कक्षा के अंकों का विवरण इत्यादि) को विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल में अपडेट कर लें। अन्तिम तिथि 17 अक्टूबर, 2022 के उपरान्त आवेदन पत्र को अपडेट किया जाना सम्भव नहीं होगा** तथा समस्त डेटा सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान को प्रेषित कर दिया जायेगा। सूचनाओं को अपडेट न किये जाने की स्थिति में यदि कोई विद्यार्थी वरीयता सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।

कुलसचिव

पृष्ठांकन सं0 -डी0 आई0 सी0/2022/906, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 12.10.2022 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि - निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

- कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- निदेशक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- विभागाध्यक्ष, समस्त विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव